कार्यशाला रिपोर्ट
जुलाई 2026 से सितंबर 2026

राँची क्षेत्रीय कार्यालय में 23/09/2026 को द्वितीय एक पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला द्वितीय तिमाही (जुलाई 2026 से सितंबर 2026) का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ श्री संदीप कुमार सिंह, क्षेत्रीय खान नियंत्रक द्वारा किया गया।

अध्यक्षीय संबोधन में श्री संदीप कुमार सिंह, क्षेत्रीय खान नियंत्रक द्वारा इस कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यथा संभव कार्यालय के सम्पूर्ण कार्य को पूर्णत: हिंदी में किये जाने का आवाहन किया गया । साथ ही इस कार्यालय के कार्मिको को डा. मंजेश परासर, सहायक निदेशक (रा.भा.) प्रधान लेखाकार कार्यालय, राँची द्वारा दिये गए जानकारी से लाभान्वित होने तथा कार्यालय के हिंदी कामकाज बढ़ोतरी में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया । इसके बाद श्री अंतोष कुमार, उच्च श्रेणी लिपिक/हिन्दी सहायक ने कार्यशाला सत्र की जानकारी दी ।

हिंदी कार्यशाला के दौरान डा. मंजेश परासर, सहायक निदेशक (रा.भा.) प्रधान लेखाकार कार्यालय, राँची द्वारा संविधान में हिंदी का महत्ता, ई ऑफिस के माध्यम से विभिन्न प्रकार का हिंदी टाइपिंग एवं नोटिंग, पत्राचार अभ्यास के साथ-साथ कार्य सुगमता हेतु विचार विमर्श एवं अंत में हिंदी मौखिक प्रश्नोत्तरी के साथ अपना वकतव्य समाप्त किया ।

हिंदी कार्यशाला में इस कार्यालय के 8 कार्मिको (3 अधिकारियो एवं 5 कर्मचारियो) ने भाग लिया । कार्यशाला में हिंदी कार्य करने के सरल तरीकों की जानकारी/ अभ्यास कराया गया कार्यशाला के चार सत्र का विषय निम्न प्रकार रखी गई थी ।

कार्यशाला सत्र विवरण

दिनांक	सत्र 11.00-12.00 पू.	सत्र 0.15-1.15 अप.	सत्र 2:30-3.30 अप.	सत्र 3:45-5.00 अप
23/09/26	संविधान में हिंदी का महत्ता	विभिन्न प्रकार का हिन्दी टाइपिंग	नोटिंग, पत्राचार के साथ-साथ कार्य सुगमता हेतु विचार विमर्श	हिंदी मौखिक प्रश्नोतरी/समापन

कार्यशाला का समापन श्री संदीप कुमार सिंह, क्षेत्रीय खान नियंत्रक के दिशा-निर्देश में हिंदी कार्य में आनेवाली कठिनाईयों के निदानपरक तथा कार्य वृध्दि संबंधी विचार-विमर्श के साथ हुआ।
कार्यक्रम का संचालन एवं सहयोग श्री अंतोष कुमार, उच्च श्रेणी लिपिक/हिन्दी सहायक द्वारा किया गया ।

Digitally signed by
SANDEEP KUMAR SINGH
Date: 26-10-2026
16:02:21

(संदीप कुमार सिंह)
क्षेत्रीय खान नियंत्रक
भारतीय खान ब्यूरो


हिन्दी कार्यशाला
23 दिसंबर 2026


भारत सरक
खान मंत्रा
हिन्दी काम
3s 5G
12:01


हिन्दी कार्यशाला